भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16ए महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली –110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाश :+91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 123/2020
दिनांक : 10 सितम्बर, 2020

विषय :– 19 से 23 सितम्बर 2020–"ग्रो योंर विंग्स" सम्मेलन
भारत में रेंजरिंग शताब्दी समारोह मनाने की अवधि का दिसम्बर 2020 तक विस्तार

महोदय/महोदया,

हम सभी राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से आपकी कुशलता की कामना करते हैं।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय को आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत में रेंजरिंग शताब्दी समारोह मनाने की अवधि को दिसम्बर 2020 तक बढ़ा दिया गया है, एवं यह आभासी होगा। हमारे रेंजर अनुभाग को प्रदर्शित करने हेतु, हमने सितम्बर से दिसम्बर 2020 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया है।

19 से 23 सितम्बर, 2020 तक **" ग्रो योंर विंग्स"** सम्मेलन आयोजित होगा। यह सम्मेलन रेंजर्स एवं रेंजर लीडर्स को विश्व गाइड संगठन, यूनिसेफ एवं भारत सरकार की विभिन्न पहलों के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। यह भाग लेने वाली लड़कियों को स्वयं की यूनिफार्म डिजाइन करने हेतु अवसर प्रदान करता है। उन विशेषज्ञों से मिलें जो भारत में सतत विकास लक्ष्यों और अन्य मुद्दों पर कार्य कर रहे है एवं कई और अधिक विचारशील अवसरों का लाभ उठायें।

हमारे पास सम्मेलन हेतु सीमित सीटें है, स्थान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एवं राज्य संघ की स्वीकृति पर आवंटित किए जाएंगे। अन्तिम तिथि 14 सितम्बर, 2020 हैं।

राज्य संघों एवं जिला संघों से अनुरोध है कि वे इस आयोजन के बारे में हमारे सदस्यों को अवगत कराएं जिससे कि वे उपरोक्त सम्मेलन में भाग लेने के अवसर का लाभ उठा सकें।

दिसम्बर 2020 में और अधिक गतिविधियॉ एवं प्रतियोगिताएं तथा एक भव्य समारोह होगा।

पंजीकरण की अन्तिम तिथि 14 सितम्बर, 2020 है, स्वयं को गूगल फार्म https://forms.gle/xhNhiFwXUFake9GU6 के माध्यम से पंजीकृत करें, **आयें और समारोह का हिस्सा बनें।**

सधन्यवाद,

भवदीया,

(श्रीमती दर्शना पावस्कर)
संयुक्त निदेशक (गाइड)

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु ।